Examdt 08-10-21 (M)

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 48
Number of Pages in Booklet : 48
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150
**Paper Code : 57**
**Sub: Economics-I**

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या /
**Question Paper Booklet No.**

# APCE-12

8320453

## Paper - I

**समय : 3.00 घण्टे**
**Time : 3.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**
**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Paper Booklet the candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Paper Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. OMR उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN**.
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

1. निम्नलिखित में से कौन सा अल्पाधिकारी बाजार मॉडल, प्रतियोगी बाजार के समान परिणाम को बताता है ?

(1) कूर्नो

(2) बरट्रांड

(3) स्टेकलबर्ग

(4) कूर्नो तथा स्टेकलबर्ग मॉडल दोनों

2. यदि हम कूर्नो मॉडल साम्य की तुलना प्रतियोगी बाजार के साम्य से तुलना करते हैं, तो

(1) कूर्नो के मॉडल में लाभ तथा उत्पादन स्तर दोनों ही ऊँचे होते हैं।

(2) प्रतियोगी बाजार में लाभ तथा उत्पादन स्तर दोनों ही ऊँचे होते हैं।

(3) प्रतियोगी बाजार मॉडल के लाभ का स्तर ऊँचा तथा उत्पादन का स्तर नीचा होता है।

(4) कूर्नो मॉडल में लाभ का स्तर ऊँचा तथा उत्पादन का स्तर नीचा होता है।

3. ऐसी स्थिति जिसमें एक फर्म अपनी क्षमता का सर्वोत्तम कर रही है जो वह कर सकती है, यदि अन्य विरोधी फर्में जो कर रही है को हम दिया हुआ मान ले तो ऐसी स्थिति कहलाती है

(1) नैश साम्य

(2) कॉपरेटिव साम्य

(3) नॉन–कॉपरेटिव साम्य

(4) स्टेकलबर्ग साम्य

1. Which oligopoly model(s) have the same results as the competitive model ?

(1) Cournot

(2) Bertrand

(3) Stackelberg

(4) Both Cournot and Stackelberg

2. In comparing the Cournot equilibrium with the competitive equilibrium,

(1) Both profit and output level are higher in Cournot.

(2) Both profit and output level are higher in competitive model.

(3) Profit is higher and output level is lower in the competitive equilibrium.

(4) Profit is higher and output level is lower in Cournot.

3. A situation in which each firm is doing the best it can give what its rivals are doing is called a –

(1) Nash equilibrium

(2) Co-operative equilibrium

(3) Non-cooperative equilibrium

(4) Stackelberg equilibrium

4. कुछ किराने की दुकानें आजकल कस्टम कूपन की पेशकश कर रही है जिसमें कुछ निश्चित वस्तुओं पर छूट देने का प्रस्ताव, उनकी अगली विजिट पर दिया जाता है । इस प्रकार की परिपाटी किसका एक उदाहरण है ?

(1) अंतराशंखास्थि कीमत विभेद

(2) तृतीय डिग्री का कीमत विभेद

(3) द्विपक्षी टेरिफ

(4) बण्डलिंग

5. यदि नियामक एजेंसी, प्राकृतिक एकाधिकार में कीमत का निर्धारण, जहाँ औसत आगम औसत लागत के बराबर है, करती है तो उत्पादन की मात्रा कितनी होगी ?

(1) प्रतियोगी बाजार के बराबर

(2) एकाधिकारी बाजार के लाभ अधिकतमकरण की मात्रा के बराबर

(3) एकाधिकारी बाजार के लाभ अधिकतमकरण की मात्रा से अधिक लेकिन प्रतियोगी बाजार की मात्रा की तुलना में कम

(4) प्रतियोगी बाजार की तुलना में अधिक

6. एक विद्युत शक्ति कम्पनी, विद्युत बेचने में 'ब्लॉक कीमत' का प्रयोग करती है । ब्लॉक कीमत किसका उदाहरण है ?

(1) प्रथम श्रेणी कीमत विभेद

(2) द्वितीय श्रेणी कीमत विभेद

(3) तृतीय श्रेणी कीमत विभेद

(4) ब्लॉक कीमत, कीमत विभेद का कोई प्रकार नहीं है ।

4. Some grocery stores are now offering customers coupons which entitle them to a discount on certain items on their next visit when they go through the checkout line. This practice is an example of –

(1) Intertemporal price discrimination.

(2) Third degree price discrimination.

(3) A two-part tariff

(4) Bundling

5. If the regulatory agency sets a price whose AR=AC for a Natural Monopoly, output will be –

(1) equal to the competitive level.

(2) equal to the monopoly profit maximizing level.

(3) greater than the monopoly profit maximization level and less than the competitive level.

(4) greater than competitive level.

6. An Electric Power Company uses block pricing for electricity sales. Block pricing is an example of –

(1) First degree price discrimination.

(2) Second degree price discrimination.

(3) Third degree price discrimination.

(4) Block pricing is not a type of price discrimination.

7. निम्नांकित में से उपभोक्ता बचत पर कब्जा करने के लिए कौन सी व्यूहरचना अपनाती है ?
(1) कीमत विभेद
(2) बण्डलिंग
(3) द्विपक्षी टेरिफ
(4) ये सभी

8. यदि एक फर्म अधिक लोचदार माँग वक्र का सामना करती है, तो
(1) लर्नर इन्डेक्स का मान अधिक होगा ।
(2) लर्नर इन्डेक्स का मान कम होगा ।
(3) एकाधिकारी शक्ति कम होगी ।
(4) फर्म का लाभ अधिक होगा ।

9. एकाधिकारी शक्ति परिणाम है उस योग्यता का जिसमें फर्म
(1) सीमान्त लागत के बराबर कीमत का निर्धारण करती है ।
(2) सीमान्त लागत और सीमान्त आगम दोनों बराबर हैं ।
(3) औसत परिवर्तनशील लागत से अधिक कीमत का निर्धारण करती है ।
(4) सीमान्त लागत से अधिक कीमत का निर्धारण करती है ।

10. निम्नांकित में से क्या सही है जब उत्पादन स्तर वह हो जब P = MC हों ?
(1) एकाधिकारी लाभ अधिकतम करता है ।
(2) एकाधिकारी लाभ को अधिकतम नहीं कर रहा हो तथा उत्पादन को बढ़ाया जाना चाहिए ।
(3) एकाधिकारी लाभ को अधिकतम नहीं कर रहा हो तथा उत्पादन को घटाया जाना चाहिए ।
(4) एकाधिकारी धनात्मक लाभ कमा रहा हो ।

7. Which of the following strategies are used by business firms to capture consumer surplus ?
(1) Price discrimination
(2) Bundling
(3) Two-part tariffs
(4) All of these

8. The more elastic the demand curve facing a firm –
(1) the higher the value of the Lerner index.
(2) the lower the value of the Lerner index.
(3) the less monopoly power it has.
(4) the higher its profit.

9. Monopoly power results from the ability to –
(1) Set price equal to marginal cost.
(2) Equate marginal cost to marginal revenue.
(3) Set price above average variable cost.
(4) Set price above marginal cost.

10. Which of the following is true at the output level when P = MC ?
(1) The Monopolist is maximizing profit.
(2) The Monopolist is not maximizing profit and should increase output.
(3) The Monopolist is not maximizing profit and should decrease output.
(4) The Monopolist is earning a positive profit.

11. एक फर्म का उत्पादक बचत तथा आर्थिक लाभ बराबर होता है जब

(1) औसत परिवर्तनशील लागत न्यूनतम हो ।

(2) औसत स्थिर लागत न्यूनतम हो ।

(3) सीमान्त लागत, सीमान्त आगम के बराबर हो ।

(4) स्थिर लागतें शून्य हों ।

12. अल्पकाल में एक प्रतियोगी फर्म ऋणात्मक आर्थिक लाभ कमा रही है

(1) ATC वक्र के गिरते हुए ढलान भाग पर

(2) ATC वक्र के न्यूनतम बिन्दु पर

(3) ATC वक्र के ऊपर की ओर ढलान वाले भाग पर

(4) ATC वक्र के ऊपर

13. कॉब–डगलस उत्पादन फलन बताता है

(1) पैमाने के समतामान प्रतिफल को

(2) पैमाने के बढ़ते हुए प्रतिफल को

(3) पैमाने के घटते हुए प्रतिफल को

(4) पैमाने के स्थिर, वृद्धिमान अथवा ह्रासमान प्रतिफल को

14. स्कोप की मितव्ययिताएँ बताती हैं

(1) तकनीकी में परिवर्तन

(2) अति दीर्घकाल को

(3) बहु–उत्पादी फर्म

(4) एकल उत्पाद फर्म जो बहुत से प्लान्ट का प्रयोग करती है ।

11. A firm producer surplus equals its economic profit when

(1) Average variable cost are minimized.

(2) Average fixed costs are minimized.

(3) Marginal costs are equal to marginal revenue.

(4) Fixed costs are zero.

12. In the short run, a perfectly competitive firm earning negative economic profit is –

(1) on the downward-sloping portion of its ATC curve.

(2) at the minimum point of its ATC curve.

(3) on the upward sloping portion of its ATC curve.

(4) above its ATC curve.

13. A Cobb-Douglas production function –

(1) exhibits constant returns to scale.

(2) exhibits increasing returns to scale.

(3) exhibits decreasing returns to scale.

(4) exhibits constant, increasing or decreasing returns to scale.

14. Economies of Scope refer to

(1) Change in technology

(2) The very long run

(3) Multi product firm

(4) Single product firm that utilize multi plants

15. लागत-उत्पाद लोच का मान 1.4 है । इसका अर्थ है

(1) पैमाने की मितव्ययिता प्राप्त हो रही है ।

(2) पैमाने की अमितव्ययिताएँ प्राप्त हो रही है ।

(3) न तो पैमाने की मितव्ययिताएँ प्राप्त हो रही है और न ही अमितव्ययिताएँ ।

(4) सीमान्त लागत, औसत लागत से कम है ।

16. निम्नांकित में से लागत न्यूनतमीकरण साधन संयोग के संदर्भ में सही नहीं है :

(1) $MRTS = \frac{MP_L}{MP_K}$

(2) $\frac{MP_L}{W} = \frac{MP_K}{r}$

(3) $MRTS = \frac{W}{r}$

(4) $\frac{MP_L}{MP_K} = \frac{W}{r}$

17. एक फर्म की आर्थिक लागत तथा लेखांकन लागत के बीच अन्तर होता है, वह अन्तर है

(1) फर्म की व्यक्त लागतें

(2) लाभ पर निगम कर

(3) फर्म के स्वामित्व में उत्पादन के साधनों की अवसर लागतें

(4) फर्म की डुबोई (sunk) हुई लागतें

15. The cost-output elasticity equals 1.4. This implies that

(1) there are economies of scale.

(2) there are diseconomies of scale.

(3) there are neither economies nor diseconomies of scale.

(4) marginal cost is less than the average cost.

16. Which of the following is <u>NOT</u> an expression for the cost minimizing combination of inputs ?

(1) $MRTS = \frac{MP_L}{MP_K}$

(2) $\frac{MP_L}{W} = \frac{MP_K}{r}$

(3) $MRTS = \frac{W}{r}$

(4) $\frac{MP_L}{MP_K} = \frac{W}{r}$

17. The difference between the Economic and Accounting Costs of a firm are

(1) the explicit costs of the firm.

(2) the Corporate Taxes on profit.

(3) the opportunity costs of the factors of production that the firm owns.

(4) the sunk costs incurred by the firm.

**18.** एक फर्म का श्रम का सीमान्त उत्पाद 4 है तथा पूँजी का सीमान्त उत्पाद 5 है । यदि फर्म एक इकाई श्रम का अधिक प्रयोग करती है तथा उत्पादन की मात्रा में कोई परिवर्तन करना नहीं चाहती है तो फर्म को

(1) पूँजी की पाँच से कम इकाई का प्रयोग करना चाहिए ।

(2) पूँजी की 0.8 कम इकाई का प्रयोग करना चाहिए ।

(3) पूँजी की 1.25 कम इकाई का प्रयोग करना चाहिए ।

(4) पूँजी की 1.25 इकाइयों की वृद्धि करनी चाहिए ।

**19.** प्रदूषण उत्सर्जन का इष्टतम स्तर होता है

(1) शून्य है ।

(2) जहाँ सीमान्त बाह्य लाभ शून्य होता है ।

(3) जहाँ सीमान्त बाह्य लागत, सीमान्त बाह्य लाभ के बराबर हो ।

(4) जहाँ सीमान्त बाह्य लागत, उपशमन की सीमान्त लागत बराबर हो ।

**20.** जब क्रेता की तुलना में विक्रेता के पास उत्पादक के पास अधिक सूचनाएँ उपलब्ध हो तो हम यह उम्मीद करते हैं कि

(1) विक्रेता अपेक्षाकृत अपने उत्पाद की अधिक कीमत प्राप्त करते हैं जितना वे प्राप्त करते हैं ।

(2) क्रेताओं को कम कीमत उस उत्पादन की देनी होगी जितना वे देते हैं ।

(3) उच्च गुणवत्ता की वस्तुएँ, निम्न गुणवत्ता की वस्तुओं को बाजार से बाहर कर देती है ।

(4) निम्न गुणवत्ता की वस्तुएँ, उच्च गुणवत्ता की वस्तुओं को बाजार से बाहर कर देती हैं ।

**18.** A firm marginal product of labour is 4 and its marginal product of capital is 5. If then the firm adds one unit of labour, but does not want its output to change, the firm should

(1) use five fewer units of capital

(2) use 0.8 fewer units of capital

(3) use 1.25 fewer units of capital

(4) add 1.25 units of capital

**19.** The optimum level of pollution emissions –

(1) is zero

(2) occurs where the marginal external benefit is zero.

(3) occurs where marginal external cost equals the marginal external benefit.

(4) occurs where the marginal external cost equals the marginal cost of abatement.

**20.** When sellers have more information about the product than buyers do, we would expect

(1) Sellers to get higher price for their goods than they could otherwise.

(2) Buyers to pay lower prices for goods than they would otherwise.

(3) High quality goods to drive low quality goods out of the market.

(4) Low quality goods to drive high quality goods out of the market.

21. निम्नलिखित में से कौन सा उदाहरण प्रतिकूल चयन (Adverse Selection) को बताता है ?

(1) अस्वस्थ व्यक्ति अपेक्षाकृत रूप से स्वास्थ्य बीमा को अधिकाधिक चाहेंगे।

(2) लापरवाह ड्राइवर लोग अतिरिक्त ऑटो इन्श्योरेन्स को खरीदेंगे।

(3) जोखिम विमुख व्यक्ति अतिरिक्त इन्श्योरेंस को खरीदना चाहेंगे।

(4) केवल (1) तथा (2) दोनों

22. शीघ्रनाशी वस्तुओं के संदर्भ में बाजार अवधि के अन्तर्गत पूर्ति वक्र की लोच होगी

(1) सापेक्ष बेलोचदार

(2) पूर्णतया बेलोचदार

(3) सापेक्ष लोचदार

(4) पूर्णतया लोचदार

23. एक गिफिन वस्तु के लिए एंजेल वक्र होगा

(1) ऋणात्मक ढलान

(2) धनात्मक ढलान

(3) उदग्र के समान्तर

(4) क्षितिज के समान्तर

24. अल्पकालीन औसत कुल लागत (SATC) का न्यूनतम बिन्दु प्रदर्शित करता है कि

(1) प्लान्ट का उपयोग क्षमता से कम हुआ है।

(2) प्लान्ट का उपयोग क्षमता से अधिक हुआ है।

(3) प्लान्ट का ईष्टतम उपयोग हुआ है।

(4) प्लान्ट के द्वारा स्थिर तथा परिवर्तनशील साधनों का इष्टतम उपयोग हुआ है।

21. Which of the following represent example(s) of Adverse Selection ?

(1) Unhealthy people are more likely to want health insurance.

(2) Carless drivers purchasing extra auto-insurance.

(3) Risk averse individuals choosing to buy extra insurance.

(4) (1) and (2) only.

22. The market period supply curve for perishable goods is –

(1) Relatively inelastic

(2) Perfectly inelastic

(3) Relatively elastic

(4) Perfectly elastic

23. The Engel curve for a Giffin good is –

(1) Negatively sloped

(2) Positively sloped

(3) Vertical

(4) Horizontal

24. The minimum point on short-run average total cost (SATC) curve reflects

(1) The plant is under utilized.

(2) The plant is over utilized.

(3) The plant is optimally utilized.

(4) The plant used optimal combination of fixed and variable factors.

25. यदि दो वस्तुएँ पूर्ण स्थानापन्न वस्तुएँ हैं तो तटस्थता वक्र का आकार होगा

(1) धनात्मक ढलान वाली सीधी रेखा

(2) ऋणात्मक ढलान वाली सीधी रेखा

(3) क्षितिज के समान्तर रेखा

(4) कॉनवेक्स वक्र

26. असममित सूचना समस्या उत्पन्न होती है

(1) क्षितिज के समानान्तर समाकलित फर्मे लेकिन उदग्र के समानान्तर समाकलित फर्मे नहीं ।

(2) उदग्र के समानान्तर समाकलित फर्मे लेकिन क्षितिज के समानान्तर समाकलित फर्मे नहीं ।

(3) उदग्र तथा क्षितिज के समान्तर समाकलित दोनों प्रकार की फर्मे ।

(4) केवल वो फर्म जिसे क्षितिज या उदग्र के समान्तर समाकलित दोनों के लाभ प्राप्त नहीं ।

27. 'गिफिन विरोधाभास' उस वस्तु को इंगित करता है जिसकी

(1) माँगी गयी मात्रा, प्रत्यक्ष रूप से कीमतों के अनुसार बदलती है ।

(2) माँगी गयी मात्रा, अप्रत्यक्ष रूप से कीमतों के अनुसार बदलती है ।

(3) माँगी गयी मात्रा, प्रत्यक्ष रूप से आय के अनुसार बदलती है ।

(4) माँगी गयी मात्रा अप्रत्यक्ष रूप से आय के अनुसार बदलती है ।

25. If two commodities are perfect substitute, the indifference curve becomes –

(1) A straight line with a positive slope.

(2) A straight line with a negative slope.

(3) A horizontal line.

(4) A convex curve.

26. Asymmetric information problem arise –

(1) In horizontally integrated firms but not vertically integrated firm.

(2) In vertically integrated firm, but not horizontally integrated firm.

(3) In both vertically and horizontally integrated firm.

(4) Only in firms that do not have the advantages of either horizontal or vertical integration.

27. Giffin's Paradox refers to a good whose –

(1) quantity demanded varies directly with price.

(2) quantity demanded varies indirectly with price.

(3) quantity demanded varies directly with income.

(4) quantity demanded varies indirectly with income.

28. विनियोग का अन्य भाग सकल स्थिर पूंजी निर्माण है तथा साथ ही अन्य भाग है

(1) स्टॉक में परिवर्तन

(2) प्रवाह में परिवर्तन

(3) शुद्ध स्थिर पूंजी

(4) मूल्यह्रास

29. एक भिन्नात्मक रिज़र्व बैंकिंग प्रणाली के अन्तर्गत, रिजर्व आवश्यकता में वृद्धि होने पर

(1) मुद्रा गुणक तथा मुद्रा पूर्ति दोनों में ही वृद्धि होगी।

(2) मुद्रा गुणक तथा मुद्रा पूर्ति दोनों में ही कमी होगी।

(3) मुद्रा गुणक में वृद्धि होगी तथा मुद्रा की पूर्ति में कमी होगी।

(4) मुद्रा गुणक में कमी होगी तथा मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि होगी।

30. एक अर्थव्यवस्था में दो महत्त्वपूर्ण वित्तीय बाजार है

(1) निवेश बाजार तथा बचत बाजार

(2) बॉण्ड बाजार तथा स्टॉक बाजार

(3) बैंक तथा स्टॉक बाजार

(4) ये सभी

31. बाजार अर्थव्यवस्था अपने दुर्लभ संसाधनों को आवटन करते समय निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है ?

(1) सरकार

(2) उपभोक्ता

(3) सापेक्ष कीमतें

(4) वास्तविक ब्याज की दर

28. Gross Fixed Capital Formation is the other part of investment along with the part as –

(1) Change in stock

(2) Change in flow

(3) Net fixed capital

(4) Depreciation

29. In a fractional Reserve Banking system, an increase in reserve requirements –

(1) increases both the money multiplier and the money supply.

(2) decreases both the money multiplier and the money supply.

(3) increases the money multiplier but decreases the money supply.

(4) decreases the money multiplier but increases the money supply.

30. The Economy's two most important financial markets are –

(1) The Investment market and the Saving market.

(2) The Bond market and the Stock market.

(3) Banks and the Stock market.

(4) All of these

31. Market Economics rely on which of the following to allocate scarce resources ?

(1) Government

(2) Consumers

(3) Relative prices

(4) Real interest rates

32. दीर्घकालीन वास्तविक जी.डी.पी. का स्तर का निर्धारक तत्त्व निम्न में से कौन सा नहीं है ?

(1) कीमत स्तर

(2) श्रम की आपूर्ति

(3) उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन

(4) उपलब्ध तकनीकी

33. धन प्रभाव (Wealth effect), ब्याज दर प्रभाव तथा विनिमय दर प्रभाव, ये तीनों स्पष्ट करते हैं किसके बारे में ?

(1) अल्पकालीन समग्रपूर्ति वक्र के ढलान

(2) दीर्घकालीन समग्रपूर्ति वक्र के ढलान

(3) समग्र माँग वक्र के ढलान

(4) वे सब बातें जो समग्र माँग वक्र को परिवर्तित करती हैं ।

34. समग्र पूर्ति एवं माँग को साम्य में लाने के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है ?

(1) कीमत स्तर तथा वास्तविक उत्पादन

(2) ब्याज की वास्तविक दर तथा मुद्रा की पूर्ति

(3) सरकारी व्यय तथा कर

(4) बचत की दर तथा शुद्ध निर्यात

35. मंदी (recession) के दौरान

(1) श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया जाता है ।

(2) फैक्ट्री निष्क्रिय हो जाती है ।

(3) फर्मों को यह पता चलता है कि जितना वे उत्पादन करते हैं उसे बेचने में असमर्थ है ।

(4) ये सभी

32. Which of the following is <u>NOT</u> a determinant of the long run level of real GDP ?

(1) The Price level.

(2) The Supply of Labour.

(3) Available Natural Resources.

(4) Available Technology.

33. The Wealth effect, Interest rate effect and Exchange rate effect are all explanations for –

(1) The slope of short run aggregate supply.

(2) The slope of long run aggregate supply.

(3) The slope of the aggregate demand curve.

(4) Everything that makes the aggregate demand curve shift.

34. Which of the following adjust to bring aggregate supply and demand into balance ?

(1) The price level and real output.

(2) The real rate of interest and money supply.

(3) Government expenditure and taxes.

(4) The saving rate and Net exports.

35. During recessions –

(1) Workers are laid off.

(2) Factories are idle.

(3) Firms may find that they are unable to sell all they produce.

(4) All of these

**36.** बेरोजगारी की प्राकृतिक दर से विचलन को कहा जाता है

(1) नाममात्र बेरोजगारी

(2) प्रतिरोधात्मक बेरोजगारी

(3) चक्रीय बेरोजगारी

(4) उच्चावचन बेरोजगारी

**37.** निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(1) श्रम शक्ति = रोजगार में लगे लोगों की संख्या

(2) श्रम शक्ति = जन संख्या – बेरोजगार लोगों की संख्या

(3) बेरोजगारी की दर = $\frac{\text{बेरोजगार लोगों की संख्या}}{\text{रोजगारशुदा लोगों की संख्या} + \text{बेरोजगार लोगों की संख्या}} \times 100$

(4) बेरोजगारी की दर = $\frac{\text{बेरोजगार लोगों की संख्या}}{\text{वयस्क जनसंख्या}} \times 100$

**38.** कीन्सीयन मॉडल में जब कीमत स्तर स्थिर हो तो

(1) मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि होने पर, आय का स्तर बढ़ता है तथा ब्याज की दर कम होती है ।

(2) मुद्रा की पूर्ति में कमी होने पर, आय का स्तर बढ़ता है तथा ब्याज की दर कम होती है ।

(3) मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि होने पर, आय का स्तर कम होता है तथा ब्याज की दर भी कम होती है ।

(4) मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि होने पर आय का स्तर बढ़ता है तथा ब्याज की दर भी बढ़ती है ।

**36.** The deviation of unemployment from its natural rate is called

(1) The Nominal rate of unemployment.

(2) Frictional unemployment.

(3) Cyclical unemployment.

(4) Fluctuating unemployment.

**37.** Which of the following is correct ?

(1) Labour Force = Number of employed.

(2) Labour Force = Population minus number of unemployed.

(3) Unemployment rate = $\frac{\text{Number of unemployed}}{\text{No.of employed} + \text{No. of unemployed}} \times 100$

(4) Unemployment Rate = $\frac{\text{No. of unemployed}}{\text{Adult population}} \times 100$

**38.** When price level is fixed in Keynsian model –

(1) An increase in money supply increases level of income and reduce rate of interest.

(2) A fall in money supply increase level of income and reduce the rate of interest.

(3) An increase in money supply reduces the level of income and rate of interest.

(4) An increase in money supply increase the level of income and rate of interest.

39. समष्टि अर्थशास्त्र में LM वक्र का योगदान किसके द्वारा दिया गया है ?

(1) होसेन (Hausen)

(2) फ्रीडमैन

(3) टोबिन

(4) हिक्स

40. यदि अंकित जी.डी.पी. 10 ट्रिलियन डॉलर है तथा वास्तविक जी.डी.पी. 12 ट्रिलियन डॉलर है तो जी.डी.पी. डिफ्लेटर है ।

(1) 83.33 तथा यह संकेत करता है कि कीमत स्तर आधार वर्ष की तुलना में 16.67% कम हो गया है ।

(2) 83.33 तथा यह संकेत करता है कि आधार वर्ष की तुलना में कीमत स्तर 83.33% बढ़ गया है ।

(3) 120 तथा यह इंगित करता है कि आधार वर्ष की तुलना में कीमत स्तर 20% बढ़ गया है ।

(4) 120 तथा यह इंगित करता है कि आधार वर्ष की तुलना में कीमत स्तर 120% बढ़ गया है ।

41. पूँजी की सीमान्त दक्षता सिद्धान्त की सहायता से हम निर्धारित करते हैं

(1) वास्तविक निवेश स्टॉक

(2) वास्तविक बचत स्टॉक

(3) निवेश का इष्टतम स्टॉक

(4) पूँजी का इष्टतम स्टॉक

39. The LM curve has been contributed to macroeconomics by

(1) Hausen

(2) Friedman

(3) Tobin

(4) Hicks

40. If Nominal GDP is $ 10 Trillion and Real GDP is $ 12 Trillion, then the GDP deflator is –

(1) 83.33 and this indicate that the price level has decreased by 16.67% since the base year.

(2) 83.33 and this indicate the price level has increased by 83.33% since the base year.

(3) 120 and this indicates that the price level has increased by 20% since the base year.

(4) 120 and this indicate that the price level has increased by 120% since the base year.

41. With the help of marginal efficiency of capital theory, we determine –

(1) The Actual Stock of Investment.

(2) The Actual Stock of Savings.

(3) The Optimum Stock of Investment.

(4) The Optimum Stock of Capital.

42. मुद्रा की सौदा माँग न केवल आय पर निर्भर करती है बल्कि ब्याज की दर पर भी निर्भर करती है । उक्त कथन कहा गया है

(1) टोबिन

(2) मिल्टन फ्रीडमैन

(3) जे.एम. कीन्स

(4) इरविंग फिशर

43. अल्पकाल में एक रैखिय उपभोग फलन दर्शाता है कि

(1) MPC गिरती है, किन्तु APC स्थिर रहती है यदि आय बढ़ती है ।

(2) MPC स्थिर है, किन्तु APC गिरती है यदि आय बढ़ती है ।

(3) MPC तथा APC गिरती है यदि आय बढ़ती हैं ।

(4) MPC तथा APC स्थिर रहती है यदि आय बढ़ती हैं ।

44. श्री वी.के.आर.वी. राव ने कौन से वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाया था ?

(1) 1910 – 11

(2) 1923 – 24

(3) 1931 – 32

(4) 1943 – 44

45. प्रति व्यक्ति आय की गणना का मुख्य उद्देश्य यह है कि

(1) यह कुल राष्ट्रीय आय की गणना में मदद करता है ।

(2) यह देश के निवासियों की व्यक्तिगत उन्नति (Progress) की गणना में मदद करता है ।

(3) यह प्रति व्यक्ति वस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्धता के रूप में आर्थिक प्रगति के मापने में मदद करता है ।

(4) यह व्यक्तियों पर करों में सुधार में मदद करता है ।

42. The transaction demand for money depends not only on income but also on rate of interest. This is according to –

(1) Tobin

(2) Milton Friedman

(3) J.M. Keynes

(4) Irving Fisher

43. In short run, a Linear Consumption Function show that –

(1) MPC declines but APC is constant as income rises.

(2) MPC is constant but APC declines as income rises.

(3) MPC and APC declines as income rises.

(4) MPC and APC remains constant as income rises.

44. Shri V.K.R.V. Rao was the person to make an estimation of the National Income for the year –

(1) 1910 – 11

(2) 1923 – 24

(3) 1931 – 32

(4) 1943 – 44

45. The Chief object of the Per Capita Income calculation is that

(1) It helps us calculate the Total National Income.

(2) It helps us about calculating individual progress made by citizens.

(3) It helps us to measure economic progress in terms of goods and services available per head.

(4) It helps us to improve taxes on the individuals.

46. अगस्त 1949 में सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय आय समिति की स्थापना राष्ट्रीय आय की गणना के लिए की गयी थी । इस समिति ने अंगीकृत (Adopted) किया –

(1) राष्ट्रीय आय की गणना की उत्पादन रीति

(2) राष्ट्रीय आय की गणना की व्यय रीति

(3) केवल आय एवं व्यय रीति का प्रयोग, उत्पाद रीति को हटाते हुए

(4) केवल उत्पाद रीति एवं आय रीति का प्रयोग, व्यय रीति को हटाते हुए

47. स्फीति अन्तराल का तात्पर्य सकल आपूर्ति पर सकल माँग के आधिक्य से है, जो निम्न में से किससे सम्बन्धित है ?

(1) पूर्ण रोजगार स्तर

(2) पूर्ण रोजगार स्तर के उपरान्त

(3) पूर्ण रोजगार स्तर से पहले

(4) (1) और (2) दोनों

48. लोगों के पोर्टफ़ोलियो परिसम्पत्ति में बदलाव होने का कारण है

(1) ब्याज की वर्तमान दर

(2) ब्याज की भावी दर

(3) भावी ब्याज दर के साथ ब्याज की वर्तमान दर

(4) बॉण्ड की वर्तमान मूल्य

46. The National Income Committee set up by the government in August 1949, for calculation of the National Income, adopted

(1) The product method of calculating National Income.

(2) The expenditure method of calculating National Income.

(3) The income and expenditure method only discarding the Product method.

(4) The product and income methods only discarding the expenditure method.

47. Inflationary gap refers to excess of aggregate demand over aggregate supply at

(1) Full employment level

(2) After full employment level

(3) Before full employment level

(4) Both (1) and (2)

48. Changes in the Portfolio assets of the people take place due to –

(1) Current rate of interest.

(2) Future rate of interest.

(3) Current rate of interest in relation to future rate of interest.

(4) Current prices of bonds.

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

I. सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अर्थव्यवस्था के निष्पादन को प्रदर्शित करती है।

II. प्रति व्यक्ति घरेलू आय किसी देश के जीवन स्तर को दर्शाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है ?

(1) केवल I
(2) केवल II
(3) I तथा II दोनों
(4) न तो I और न ही II

50. अभिकथन (A) : फ्रीडमैन मुद्रा को विलासिता की वस्तु मानता है।

तर्क (R) : यह विनिमय के माध्यम के रूप में काम करती है।

कूट :

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) (A) सही है, किन्तु (R) सही नहीं है।
(4) (A) सही नहीं है, किन्तु (R) सही है।

51. नव-प्रतिष्ठित संवृद्धि मॉडल में किस बचत फलन का प्रयोग किया गया है ?

(1) प्रतिष्ठित बचत फलन
(2) समानुपातिक बचत फलन
(3) विभेदक बचत फलन
(4) स्थिर बचत फलन

49. Consider the following statements :

I. Rate of growth of GDP exhibits the performance of the Economy.

II. Per capita Domestic income shows the standard of living of the people in a country.

Which of the statements given above is/are correct ?

(1) Only I
(2) Only II
(3) Both I and II
(4) Neither I nor II

50. **Assertion (A)** : Friedman treats Money as a luxury good.

**Reason (R)** : It serves as a Medium of Exchange.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

51. The saving function used in the neo-classical growth model is –

(1) Classical saving function
(2) Proportional saving function
(3) Differential saving function
(4) Constant saving function

52. निम्नलिखित में से कौन सा सिद्धान्त/उपागम उपभोग को प्रत्याशित आय पर निर्भर नहीं मानता है ?
(1) कीन्स उपागम
(2) फ्रीडमैन का उपागम
(3) जीवन चक्र उपागम
(4) (2) और (3) दोनों

53. यदि अर्थव्यवस्था सम्भावित जी.डी.पी. पर प्रचलित हो रही है तो मुद्रा आपूर्ति में बढ़ोत्तरी का परिणाम होगा
(1) अवसादी स्फीति
(2) संरचनात्मक स्फीति
(3) माँग जन्य मुद्रा स्फीति
(4) लागत जन्य मुद्रा स्फीति

54. फिलिप्स वक्र निम्नांकित में से किसके मध्य सम्बन्ध स्थापित करता है ?
(1) कर एवं मुद्रास्फीति
(2) मुद्रास्फीति और बेरोजगारी
(3) मुद्रा आपूर्ति और कुल माँग
(4) उत्पादन का मूल्य तथा लागत

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
I. कीन्स के अनुसार आय बढ़ने के साथ, आय का अल्प अनुपात उपभोग पर व्यय किया जाता है।
II. कुजनेट्स के अनुसार, आय बढ़ने के साथ, बचत की औसत प्रवृत्ति स्थिर और सतत बनी रहती है।
उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) I तथा II दोनों सही हैं।
(2) न तो I और न ही II सही है।
(3) सिर्फ I सही है।
(4) सिर्फ II सही है।

52. Which among the following theory/approach does not treat consumption to depend upon expected income ?
(1) Keynes' approach
(2) Friedman's approach
(3) Life cycle approach
(4) Both (2) and (3)

53. If Economy is operating at potential GDP, an increase in money supply will lead to –
(1) Stagflation
(2) Structural inflation
(3) Demand pull inflation
(4) Cost-push inflation

54. Philips curve sets up a relation between :
(1) Taxes and inflation
(2) Inflation and unemployment
(3) Money supply and Aggregate demand
(4) Price and cost of production

55. Consider the following statements :
I. According to Keynes, as income rises, lower proportion of income is spent on consumption.
II. According to Kuznets, as income rises, the average propensity to save remains fairly stable and constant.
Which of the above statement(s) is/are correct ?
(1) Both I and II are true.
(2) Neither I nor II is correct.
(3) Only I is true.
(4) Only II is true.

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

I. रेपो रेट वह दर है जिस पर अन्य बैंक उस देश के केन्द्रीय बैंक से उधार लेते हैं ।

II. किसी राष्ट्र में गिनि गुणांक के लिए 1 के मूल्य का निहितार्थ यह है कि आय वितरण में पूर्णतया समानता है ।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सही है ?

(1) केवल II
(2) केवल I
(3) I तथा II दोनों
(4) न तो I और न ही II

57. अभिकथन (A) : औसत उपभोग प्रवृत्ति कभी भी शून्य नहीं हो सकती जबकि वह 1 से अधिक हो सकती है ।

कारण (R) : उपभोग व्यय हमेशा धनात्मक रहता है भले ही आय शून्य हो ।

दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

कूट :

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(3) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(4) (R) सही है तथा (A) गलत है ।

58. IS वक्र की ढाल निर्भर करती है

(1) सरकारी व्यय के स्तर पर
(2) ब्याज दर के प्रति वास्तविक मुद्रा शेष के लिए माँग की संवेदनशीलता पर
(3) निवेश की ब्याज संवेदनशीलता
(4) इनमें से कोई नहीं

56. Consider the following statements :

I. The Repo rate is the rate at which other banks borrow from the Central Bank of a Country.

II. A value of 1 for Gini coefficient in a country implies that there is perfectly equality is income distribution.

Which among the above is/are correct ?

(1) II only
(2) I only
(3) Both I and II
(4) Neither I nor II

57. **Assertion (A)** : APC can never be zero while it can be greater than 1.

**Reason (R)** : Consumption expenditure is always positive even if income is zero.

In the context of above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is the not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, and (R) is false.
(4) (R) is true, and (A) is false.

58. The slope of the IS curve depends upon –

(1) The level of Government expenditure.
(2) The sensitivity of demand for real money balance to the interest rate.
(3) The interest sensitivity of investment.
(4) None of these

59. अभिकथन (A) : निवेश के त्वरक सिद्धान्त के अनुसार जब उपभोग अथवा आय में वृद्धि होती है तो निवेश में भी वृद्धि होगी ।

कारण (R) : सिद्धान्त में यह मान्यता है कि अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त क्षमता है ।

नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चयन करें :

कूट :

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

60. वास्तविक जी.डी.पी. और उसके प्रवृत्ति मूल्य के बीच अन्तराल तथा वास्तविक बेरोजगारी दर और उसके संतुलन के बीच जो अन्तर है, उन दोनों के बीच ऋणात्मक सम्बन्ध क्या कहलाता है ?

(1) समग्र पूर्ति वक्र
(2) फिलिप्स वक्र
(3) बेरोजगारी की प्राकृतिक दर की प्राक्कल्पना
(4) ओकुन का नियम

61. मुद्रा की माँग को पोर्टफोलियो थ्योरी उपागम के रूप में निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने प्रस्तुत किया ?

I. जे.एम. कीन्स
II. बौमोल
III. जेम्स टोबिन
IV. मिल्टन फ्रीडमैन

कूट :

(1) I, II
(2) III, IV
(3) I, II, III
(4) II, III, IV

59. **Assertion (A)** : According to Accelerator Theory of Investment, when consumption or income increases, investment would also increase.

**Reason (R)** : The theory assumes that there is excess capacity in the Economy.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is the not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

60. The negative relationship between the gap between actual GDP and its trend value and the difference between actual unemployment rate and its equilibrium value is called

(1) The aggregate supply curve
(2) The Philips curve
(3) The natural rate of unemployment hypothesis
(4) Okun's Law

61. Who amongst the following economists imparted money demand of a portfolio theory approach ?

I. J.M. Keynes
II. Baumol
III. James Tobin
IV. Milton Friedman

**Codes :**

(1) I, II
(2) III, IV
(3) I, II, III
(4) II, III, IV

62. भारतीय औद्योगिक सूचकांक में सम्मिलित नहीं की जाने वाली गतिविधि बताएँ ।

(1) विनिर्माण

(2) निर्माण

(3) खदान

(4) विद्युत

63. प्रतिष्ठितवादी व्यवस्था की विशेषताएँ हैं

I. उत्पादन तथा रोजगार को मौद्रिक कारक निर्धारित करते हैं ।

II. अर्थव्यवस्था का स्व-समायोजन तन्त्र

III. प्रत्यक्ष विकास के लिए राजकीय कार्यवाही

IV. राजकीय नियंत्रण की अनुपस्थिति में बाजार के माध्यम से ईष्टतमीकरण

कूट :

(1) I तथा II

(2) I, II तथा III

(3) II तथा IV

(4) I, II तथा IV

64. समग्र माँग के निम्नलिखित अवयवों में से कौन सा स्व-विरामी एवं स्व-वित्त पोषणीय है ?

(1) निवेश व्यय

(2) टिकाऊ उपभोग व्यय

(3) गैर-टिकाऊ उपभोग व्यय

(4) सरकारी व्यय

62. Single out the activity that is not included in the industrial production Index of India.

(1) Manufacturing

(2) Construction

(3) Mining

(4) Electricity

63. The features of classical system are –

I. Monetary factors determine output and employment.

II. Self adjustment mechanism of the economy.

III. State action to direct development.

IV. Optimization through market in the absence of state control.

**Codes :**

(1) I and II

(2) I, II and III

(3) II and IV

(4) I, II and IV

64. Which of the following components of aggregate demand is self terminating and self financing ?

(1) Investment expenditure.

(2) Durable consumption expenditure.

(3) Non-durable consumption expenditure.

(4) Government expenditure.

65. निम्नलिखित में से यह किसका कथन था कि "मुद्रास्फीति प्रत्येक स्थल पर और सदैव एक मौद्रिक घटना है" ?

(1) मिल्टन फ्रीडमैन

(2) जेम्स टोबिन

(3) टी.डब्ल्यू. स्वान

(4) ए.डब्ल्यू. फिलिप्स

66. प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के अनुसार

(1) 'से' का बाजार का नियम वैध नहीं है।

(2) बाजार अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी की कोई गम्भीर समस्या नहीं है।

(3) मजदूरी का स्तर हमेशा कठिन (Sticky) होता है।

(4) पूर्ण रोजगार उत्पन्न करने के लिए माँग उत्तेजना की आवश्यकता होती है।

67. सूची-I तथा सूची-II में सही युग्म का चयन करें :

| | सूची–I | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| A. | मुद्रावाद | I. | आर.एफ. काहन |
| B. | रोजगार गुणक | II. | टी. हवेल्मो |
| C. | संतुलित बजट का गुणक प्रभाव | III. | जोन मुथ |
| D. | विवेकपूर्ण प्रत्याशा परिकल्पना | IV. | मिल्टन फ्रीडमैन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | IV | III | I |
| (2) | IV | I | II | III |
| (3) | I | III | IV | II |
| (4) | III | II | I | IV |

65. Who made the statement, "Inflation is everywhere and always a monetary phenomenon" ?

(1) Milton Friedman

(2) James Tobin

(3) T.W. Swan

(4) A.W. Philips

66. According to classical economists

(1) Say's Law is not valid.

(2) Unemployment will not be a serious problem in a market economy.

(3) Wage levels are always 'Sticky'.

(4) Demand stimulus is needed to produce full employment.

67. Match the correct pair from List – I and List – II :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| A. | Monetarism | I. | R.F. Kahn |
| B. | Employment Multiplier | II. | T. Havelmo |
| C. | Multiplier effect of balanced budget | III. | John Muth |
| D. | Rational expectation hypothesis | IV. | Milton Friedman |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | IV | III | I |
| (2) | IV | I | II | III |
| (3) | I | III | IV | II |
| (4) | III | II | I | IV |

68. निम्नांकित सिद्धान्तों का कालक्रमानुसार संयोग सही है :

A. मुद्रा परिमाण सिद्धान्त का क्रैम्बिज वर्जन

B. मुद्रा परिमाण सिद्धान्त का फिशर वर्जन

C. टोबिन की मुद्रा माँग सिद्धान्त

D. बौमोल की मुद्रा माँग सिद्धान्त

कूट :

(1) C, D, A, B
(2) B, A, D, C
(3) D, A, B, C
(4) A, B, C, D

69. अभिकथन (A) : अल्पाधिकार के षड्यन्त्र रचना की प्राकृतिक प्रवृत्ति रहती है ।

कारण (R) : अल्पाधिकार बाजार में फर्मों की पारस्परिक निर्भरता रहती है ।

कूट :

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।
(3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

70. जब आय प्रभाव, प्रतिस्थापन प्रभाव से ज्यादा शक्तिशाली बन जाती है तो श्रम आपूर्ति वक्र

(1) धनात्मक रूप से ढलता होगा ।
(2) ऋणात्मक रूप से ढलता होगा ।
(3) पीछे की ओर मुड़ेगा ।
(4) ऊपर की ओर चढ़ेगा ।

68. Identify the correct chronological order of the following theories –

A. Cambridge version of Quantity Theory of Money.

B. Fisher's version of Quantity Theory of Money.

C. Tobin's theory of demand for Money.

D. Baumol's theory of demand for Money.

**Codes :**

(1) C, D, A, B
(2) B, A, D, C
(3) D, A, B, C
(4) A, B, C, D

69. **Assertion (A) :** There is a natural tendency to collude under oligopoly.

**Reason (R) :** Interdependence of firms in oligopolistic markets.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are correct, and (R) is correct explanation of (A).
(3) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(4) (A) is incorrect, but (R) is correct.

70. When income effect becomes stronger than substitution effect, the labour supply curve will –

(1) Slope positively
(2) Negatively sloped
(3) Backward bending
(4) Climb upwards

71. IS-LM रूपरेखा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन मिथ्या है ?

(1) कीन्सवादी गुणांक का मूल्य जितना निम्न है और निवेश माँग की ब्याज संवेदनशीलता जितनी निम्न है, IS वक्र उतनी अतिप्रवण होगी ।

(2) जब मुद्रा माँग पूर्णतया ब्याज बेलोचदार है और निवेश पूर्णतया ब्याज लोचदार है तो 'क्राउड आउट' प्रभाव पूर्ण होगा ।

(3) जब मुद्रा माँग की ब्याज संवेदनशीलता उच्च है और निवेश माँग की ब्याज संवेदनशीलता निम्न है तो राजकोषीय नीति कम से कम प्रभावी होती है और मौद्रिक नीति सर्वाधिक प्रभावी होती है ।

(4) पीगू प्रभाव, तरलता जाल के अन्दर भी मौद्रिक नीति की प्रभावपूर्णता वापस ले आता है ।

72. दो सेक्टर अर्थव्यवस्था मॉडल के संतुलन की आवश्यक शर्त है :

(1) बचत + कर = विनियोग + सरकारी व्यय

(2) बचत = विनियोग

(3) निर्यात = आयात

(4) कर = सरकारी व्यय

73. फियेट मुद्रा, कानूनी टेण्डर शक्ति का समर्थन प्राप्त मुद्रा है जिसका मतलब है –

(1) कानून की दृष्टि में यह काली मुद्रा नहीं है ।

(2) कानून की दृष्टि में यह मुद्रा एक निश्चित व्यक्ति की हो सकती है ।

(3) कही गयी मुद्रा कानून के द्वारा लागू की गई है ।

(4) इस मुद्रा को सरकरी आदेश के द्वारा आहरित किया जा सकता है ।

71. In the context of IS-LM framework, which of the following statement is false ?

(1) IS curve is steeper, the lower the value of the Keynesian Multiplier and the lower the interest sensitivity of investment demand.

(2) Crowding out is effective when money demand is perfectly interest inelastic and investment is perfectly interest elastic.

(3) The fiscal policy is least effective and monetary policy is most effective, the higher the interest sensitivity of money demand and the lower the interest sensitivity of investment demand.

(4) The Pigou effect restores the effectiveness of monetary policy even under the liquidity trap.

72. The essential condition of equilibrium in a two-sector model is

(1) Saving + Tax = Investment + Government Expenditure

(2) Saving = Investment

(3) Exports = Imports

(4) Taxes = Government expenditure

73. Fiat money is backed by legal tender power which means –

